कल्ला ने की तिरंगा यात्रा की अगवानी, पैदल चल दिया देशभक्ति का संदेश

बीकानेर, (कासं)। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों के तहत रविवार को अखिल भारतीय पुष्टिकर सेवा परिषद द्वारा तिरंगा पैदल यात्रा का आयोजन किया गया।

शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने परिषद के जस्सोलाई स्थित कार्यालय से तिरंगा यात्रा की अगवानी की। पैदल यात्रा यहां से शुरू होकर एमएम स्कूल, नत्थूसर गेट, बारह गुवाड़ चौक, रत्तानी व्यास चौक, आचार्य चौक, मोहता चौक, दम्माणी चौक होते हुए शहर के विभिन्न मोहल्लों से होकर गुजरी। इस दौरान मेरी शान तिरंगा है जैसे देशभक्ति गीतों और भारत माता की जयघोष के साथ शहरी परकोटा गुंजायमान हो गया। शिक्षा मंत्री डॉ. कल्ला ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाना प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। हमें दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का नागरिक होने का अभिमान होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बीकानेर शहर के स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी की लड़ाई में अनेक यातनाएं सही। वैद्य मघाराम के परिवार की तीन पीढियां इस दौरान जेल में रही। अमृत महोत्सव ऐसे देशभक्तों के प्रति कृतज्ञता अर्पित करने का अवसर है। अखिल भारतीय पुष्टिकर सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपकिशोर व्यास ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तिरंगा पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य हर नागरिक 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिंरगा फहराएं एवं देशप्रेम की भावना जागृत हो। तिंरगा पैदल यात्रा कार्यक्रम में सेवा परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जयगोपाल जोशी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता गेवरचंद जोशी, जुगलकिशोर ओझा , जिलाध्यक्ष गोपाल बिस्सा, श्रीलाल व्यास, विजय आचार्य, नवरतन व्यास, सुमित बिस्सा, अरुण व्यास, शिवशंकर बिस्सा, राजकुमार चूरा,उदय व्यास, मुकेश पुरोहित, चिराग जोशी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

1100 तिरंगे वितरित : आचार्य श्री धरणीधर महादेव मंदिर प्रांगण में आज सुबह 8 बजे केन्द्र एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोतस्व के अवसर पर स्कूल के बच्चों को 1100 तिरंगे झण्डों का वितरण किया गया। यह जानकारी देते हुए धरणीधर महादेव मंदिर ट्रस्ट के सचिव जितेन्द्र आचार्य ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नोखा विधायक बिहारी लाल बिश्नोई, विशिष्ट अतिथि कर्मचारी नेता भंवर पुरोहित, पूर्व उप महापौर अशोक आचार्य थे। कार्यक्रम संयोजक दुर्गाशंकर आचार्य ने बताया कि छोटे स्कूली बच्चों को आजादी के इतिहास का महत्व बताते हुए स्वतंत्रा दिवस के प्रति जज्बा पैदा कैसे हो इसकी जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि नोखा विधायक बिहारी लाल बिश्नोई ने उपस्थित स्कूली बच्चों को स्वतंत्रता कैसे मिली इसकी जानकारी दी एवं स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास को बताया। झण्डा वितरण कार्यक्रम को कांग्रेस नेता आनंद जोशी, कर्मचारी नेता भंवर पुरोहित, कर्मचारी नेता कैलाश आचार्य, मालचंद सुथार, कैलाश भार्गव ने भी संबोधित किया।

बीकानेर में शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला की अगुवाई में अखिल भारतीय पुष्टिकर सेवा परिषद ने तिरंगा पैदल यात्रा निकाली।

- आजादी के अमृत महोत्सव पर स्कूल के बच्चों को 1100 तिरंगे झण्डों का वितरण किया गया
- शहर की तंग गलियों में गूंजा भारत माता का जयघोष

इस अवसर पर शरीरिक शिक्षक रामेश्वर ओझा, शिक्षक सूरज माल पडिहार, शिक्षक गिरधर स्वामी भी उपस्थित थे। झण्डा वितरण कार्यक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विधालयत श्रीरामसर, स्योर सक्सेस पाइंट सहित पांच स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया।

झण्डा वितरण कार्यक्रम के अंत में नोखा विधायक ने 1100 झण्डों का वितरण किया। इस अवसर पर आचार्य श्री धरणीधर ट्रस्ट, प्रखर परोपकार मिशन, टीम धरणीधर के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के क्षेत्रीय केन्द्र सार्दुलगंज में रविवार को महापौर सुशीला कंवर की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव देश भक्ति के गीतों व नृत्यों से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। महापौर ने समारोह में कहा कि देश को आजादी व तिरंगा हमें बहुत संघर्ष व कुर्बानियों से मिला है।

तिरंगा रैली का फूलों से स्वागत

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले की पीलीबंगा तहसील के बहलोल नगर में नवयुवक संस्था के तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

जय जवान- जय किसान, भारत माता की जय और वंदे मातरम के जोशीले नारों के साथ रैली की शुरूआत की गई। गांव के मुख्य रास्तों, गवाड़, चौराहों से गुजरती तिरंगा रैली का ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा और गुलाल उड़ाकर स्वागत किया। रैली के दौरान डीजे पर देशभक्ति गीत बजते रहे।

इससे पहले वार्ड नंबर 4 स्थित बाबा रामदेवजी के मंदिर के सामने तिरंगा रैली के लिए लोग जुटे। इस दौरान सरपंच गुरलाल सिंह, डायरेक्टर घेरूराम गोदारा, नवयुवक संस्था के संरक्षक मदनलाल मील आदि वक्ताओं ने ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लाखों वीर जवानों ने अपना बलिदान देकर हमें यह आजादी दिलाई है। अपने वीरों को याद करते हुए हमने आजादी के 75 साल पूरे किए हैं। रैली में गांव के पूर्व डायरेक्टर नेतराम गोदारा, पूर्व सरपंच आदराम लोहरा, पूर्व सरपंच नथूराम मलखट, देवेन्द्र मूंड, मनीराम गोदारा, बेगराज मूंड, पालसिंह, गोपीराम मलखट, राजेंद्र मूंड, भागीरथ मरूवा, संस्था अध्यक्ष नरेश वर्मा, कोषाध्यक्ष सुभाष गोयल, प्रवक्ता पूनमचंद शर्मा, संस्था मंत्री हरीश हैरी, प्रहलाद सेन, रोहिताश वर्मा, लालचंद मानव, बब्बू सिंह ढिल्लो, योगेश वर्मा, रवि इंदलिया, नितिन बंसल, लिखमाराम ओड, नरेन्द्र मूंड के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल थे।

सार-समाचार

कुलरिया ने लम्पी की दवाईयां भेजी

बीकानेर, (कासं)। लम्पी स्किन डिजीज से ग्रसित गौवंश के उपचार के लिए भामाशाह नरसी कुलरिया की ओर से भिजवाई गई दवाईयां रविवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ओमप्रकाश की मौजूदगी में पशुपालन विभाग के अधिकारियों को सौंपी गई। उल्लेखनीय है कि भंवर, नरसी और पूनम कुलरिया द्वारा अपने पिता संत दुलाराम कुलरिया की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर गौवंश के लिए 11 लाख रुपये की औषधियां देने की घोषणा की थी। इस श्रंखला में रविवार को लगभग 60 प्रतिशत दवाईयां उपलब्ध करवा दी गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ने बताया कि लम्पी स्किन डिजीज की वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर क्षेत्र के भामाशाहों से सहयोग की अपील की गई थी। इस पर भंवर, नरसी और पूनम कुलरिया ने अपने पिता की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर यह सहयोग उपलब्ध करवाया। इस दौरान पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ वीरेन्द्र नेत्रा, पशुपालन विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार तथा भामाशाह प्रतिनिधि मांगीलाल मौजूद थे।

बीकानेर गौरव अवार्ड से नवाजा

बीकानेर, (कासं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी अनुप्रेरणा सिंह कुंतल को निर्विकल्प फाउंडेशन की ओर से यहां गजनेर पैलेस में आयोजित समारोह में 'बीकानेर गौरव' अवार्ड से सम्मानित किया गया। नोखा विधायक बिहारी लाल विश्नोई एवं अन्य अतिथियों ने उन्हें मोमेंटो, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अभिनंदन किया। उन्हें यह सम्मान उनकी ओर से प्रशासनिक क्षेत्र में किए गए बेहतरीन कार्यों के लिए दिया गया है। कुंतल ने आज से तीन दशक पहले राज्य की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया और तत्कालीन समय में छात्राओं के लिए प्रशासनिक सेवाओं में कैरियर बनाने के लिए प्रेरणास्त्रोत बनीं। उन्होंने अपने सेवा काल के दौरान पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठ भाव से कार्य कर अमिट छाप छोड़ी है। वर्तमान में बाल अधिकारिता विभाग में आयुक्त के पद पर कार्यरत कुंतल ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की निदेशक सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी है।

तिरंगा यात्रा निकाली

बीकानेर, (कासं)। महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दक्षिण विस्तार पवनपुरी बीकानेर में तिरंगा यात्रा स्कूल प्रांगण से रवाना होकर पवनपुरी परिक्षत्र में देशभक्ति नारों से गुंजायमान होती वापस स्कूल परिसर में पहुंची। विद्यालय के समस्त उपस्थित बच्चों को तिरंगे झण्डे भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक महावीर रांका द्वारा उपलब्ध करवाये गए। जिससे झुग्गी झोंपड़ियों में रहने वाले परिवारों के घरों में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत तिरंगे झण्डे लहरा सकेंगे। तिरंगे झण्डे मिलने के साथ ही बच्चों के चेहरे खिल उठे तथा देश भावना के नारों से पूरा परिक्षेत्र गुंजायमान हो गया। सभी बच्चों ने सम्मान के साथ ध्वज फरहान व सम्मान के साथ रखने का संकल्प भी लिया। तिरंगा यात्रा में पार्षद पुनीत शर्मा, पार्षद जामनलाल गजरा, अरूण जैन, नृसिंह सेवग, संस्था प्रधान रचना गुप्ता, रवि आचार्य, अरविन्द सिंह शेखावत, मीना तनेजा, नीलम शर्मा, अरविन्द जैन, मोहम्मद रमजान आदि ने भाग लिया।

गड्ढे में गिरने से एक की मौत

सूरतगढ़, (कासं)। सूरतगढ़ उपखंड के गांव अमरपुरा जाटान की रोही में एक व्यक्ति की पानी से भरे गड्ढे में गिर जाने के कारण मौत हो गई। सूचना मिलने पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को ग्रामीणों की सहायता से बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक इस संबंध में मृतक देवीलाल के भाई शीशराम गणपतराम निवासी अमरपुरा जाटान ने मर्ग दर्ज करवाई। उसमें बताया गया कि भाई का पैर फिसलने से पानी के गड्ढे में गिर जाने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है, वहीं मामले की जांच थाना के हेड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार कर रहे हैं।

बीकानेर से नशीली गोलियां लाते हुए तीन तस्कर दबोचे

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के घड़साना इलाके में बीकानेर से नशीली गोलियां लाते तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

तस्कर कार में नशीली गोलियां लेकर बीकानेर जिले में छतरगढ़ इलाके से घड़साना की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सूचना पर पुलिस ने नाकेबंदी करवाई और कार को रुकवा लिया। तलाशी लेने पर कार में 8750 नशीली गोलियां मिली। तस्कर अपने साथियों के साथ मिलकर इलाके में नशीली गोलियों की सप्लाई करता है। शनिवार को भी वह नशीली गोलियां लेकर निकला था।

पुलिस को दो एमएलडी बी की रोही में नशीली टेबलेट्स की तस्करी की जानकारी मिली थी। इस पर वहां नाका लगाया। इसी दौरान सामने से आती कार को रोका तो कार चालक और उसके साथी घबरा गए। पूछताछ में तस्कर ने अपना नाम अकरम शाह उर्फ नत्थूशाह पुत्र असवार शाह बताया। उसके दो अन्य साथी नरपत और भैरों हैं। कार की तलाशी लेने पर इसमें नशे में उपयोग होने वाली 8750 गोलियां मिली। पूछताछ में तस्करों ने बीकानेर से नशा लाने तथा इसे घड़साना में बेचने की जानकारी दी। पुलिस अभी इनसे नशे के मुख्य सप्लायर के बारे में जानकारी जुटा रही है। नशा बेचने में उपयोग की जा रही कार भी पुलिस ने जब्त कर ली है।

- पुलिस ने कार से 8750 नशीली गोलियां बरामद की
- छतरगढ़ से घड़साना में बेचने जा रहे थे,नाकेबंदी में पकड़े

शिक्षा मंत्री डॉ. कल्ला करेंगे झंडारोहण

बीकानेर, (कासं)। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह सोमवार को डॉ. करणीसिंह स्टेडियम में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड का निरीक्षण करते हुए मार्च पास्ट की सलामी लेंगे।

स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले मार्च पास्ट में आरएसी की तीसरी व दसवीं बटालियन, राजस्थान पुलिस, राजस्थान महिला पुलिस, राजस्थान अरबन होमगार्ड्स, एनसीसी की सात राज. बटालियन महारानी सुदर्शना कन्या महाविद्यालय स्काउट, गाइड, बीबीएस तथा सोफिया स्कूल के कैडेट्स की टुकड़ियां शामिल होंगी।

राज्यपाल के संदेश का पठन अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) द्वारा किया जायेगा। राजस्थान पुलिस एवं एनसीसी की सातवीं राज. बटालियन के जवानों ने घुड़सवारी का हैरतअंगेज प्रदर्शन करेंगे। व्यायाम प्रदर्शन में बारह विद्यालयों के 440 विद्यार्थी भाग लेंगे।

ज्वैलर्स शॉप पर सात महीने बाद फिर चोरी करने पहुंचे चोर

बीकानेर, (कासं)। गंगाशहर स्थित एक ज्वैलरी शोरूम चोरों के निशाने पर है। सात महीने पहले जिस दुकान से चोर पांच किलो चांदी और पच्चीस ग्राम सोना उड़ा चुके थे, वहीं फिर चोरी का प्रयास किया।

गनीमत रही कि इस बार सीसीटीवी कैमरा और दुकान का ताला दोनों ही नहीं टूटे। हालांकि चोर इससे निराश नहीं हुए। उन्होंने पास ही स्थित एक रिहायशी मकान पर हाथ साफ कर लिया। करीब एक-दो घंटे चोर बेखौफ इस एरिया में काम करते रहे लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुके हैं। उसी आधार पर पुलिस तलाश कर रही है।

इसी दुकान पर दूसरी बार चोरी का प्रयास हुआ है। पहली बार तो सफल हुए लेकिन इस बार नहीं। गंगाशहर में कान्हा ज्वैलर्स की दुकान पर चोरों ने 18 दिसम्बर 2021 की रात सेंधमारी की थी। तब भी सोना और चांदी चोरी हुए थे। इस बार दुकान मालिक रामकिशन सोनी ने मजबूत ताले लगाए थे जो काफी देर मशक्कत के बाद भी नहीं टूटे। इस पर चोर ने पास ही स्थित जगराम गोदारा के मकान पर हाथ साफ कर लिए। यहां चोरी हुए सामान की अब तक पुष्टि नहीं हुई है। जगराम के घर से पच्चीस हजार रुपए नगद और दो मोबाइल लेकर फरार हो गए।

चोरों ने कान्हा ज्वैलर्स पर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ने का प्रयास किया। एक कैमरे को तोड़ने की कोशिश दूसरे कैमरे में कैद हो गई। हालांकि चोर कैमरे को तोड़ नहीं सका। इसके बाद कान्हा ज्वैलर्स के ताले तोड़ने के लिए लोहे के एक सरिये का उपयोग किया। सरिये को ताले के बीच में डालकर काफी देर मोड़ा लेकिन मजबूत ताला टूटा नहीं। काफी देर कोशिश के बाद उन्होंने पास ही स्थित जगराम गोदारा के घर पर सेंधमारी की।

इसी शॉप पर दिसम्बर में पांच किलो चांदी और पच्चीस ग्राम सोना चोरी हुआ था। इसमें पुलिस ने चोरों को पकड़ लिया लेकिन बरामदगी नाम मात्र हो सकी। चोरों से महज आधा किलो चांदी मिली। जबकि शेष साढ़े चार किलो चांदी और पच्चीस ग्राम सोना अब तक बरामद नहीं हो सका। युवा अधिवक्ता अनिल सोनी का कहना है कि गंगाशहर में चोरियों की लगातार बढ़ती घटनाओं के बीच गश्त बढ़ाने की जरूरत है। चोर देर रात अपने काम को अंजाम देते हैं।

- एक कैमरे को तोड़ने की कोशिश दूसरे कैमरे में कैद हो गए
- ताला नहीं टूटा तो पास के घर में हाथ साफ किया

बीननि BMC

Azadi Ka Amrit Mahotsav

नगर निगम बीकानेर

75वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं

राज्य व केन्द्र परवर्तित निम्नाकित योजनाओं का लाभ उठायें

- प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना
- इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना
- इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना
- स्वच्छ भारत मिशन शहरी
- दीनदयाल अन्तयोदय शहरी आजीविका मिशन
- पी.एम.स्वनिधि योजना
- इन्दिरा रसोई योजना

अपील

- प्रतिबंधित पॉलिथीन थेलियों का उपयोग नही करें।
- सरकारी भूमि एवं रास्तों पर अतिक्रमण नही करें।
- जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य करवायें।
- घर का कचरा ऑटो टिप्पर में ही डालें।
- आम रास्तों पर कचरा ना फैलावें।

शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाये रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें ।

समस्त पार्षदगण नगर निगम बीकानेर

आयुक्त
नगर निगम बीकानेर

महापौर
नगर निगम बीकानेर

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

अनूपगढ़, (कासं)। अनूपगढ़ के गांव 6 पी के पास शनिवार देर रात बाइक और कार की टक्कर में बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना होने के बाद कार ड्राइवर कार छोड़कर फरार हो गया है।

शव को एम्बुलेंस की सहायता से राजकीय चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सकों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार निर्मल सिंह उर्फ मंगल सिंह पुत्र अवतार सिंह गांव रावला में अपने किसी रिश्तेदार से मिलने के लिए गया था और शनिवार देर रात बाइक पर रावला से वापस आ रहा था। जैसे ही निर्मल सिंह गांव 6 पी के पास पहुंचा उसकी बाइक सामने से आ रही कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि निर्मल सिंह की गिरते ही मौके पर मौत हो गई।

एसआई राम सिंह ने बताया कि मृतक के मोबाइल पर लगातार फोन आ रहे थे। मगर मोबाइल टूट जाने के कारण फोन कॉल रिसीव नहीं हो पा रही थी। मोबाइल की सिम दूसरे मोबाइल में डाली गई और कॉल रिसीव कर मृतक के परिजनों को इस घटना की जानकारी दी गई। जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन भी राजकीय चिकित्सालय पहुंचे। पुलिस ने शव की शिनाख्त करवा कर शव मोर्चरी में रखवा दिया है।

- अनूपगढ़ के गांव 6 पी के पास हुआ हादसा

बीएसएफ जवानों ने निकाली 130 किमी. बाइक रैली

बीकानेर,(कासं)। बीकानेर में बीएसएफ मुख्यालय से बाइक रैली का आयोजन किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत निकाली गई बाइक रैली में बीएसएफ के 1265 अधिकारी वह जवान मौजूद थे।

इस अवसर पर बीएसएफ डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। ऐसे में सीमा सुरक्षा बल भी सीमाओं की रक्षा करने के साथ अमृत महोत्सव में अपनी भागीदारी निभा रहा है। बीकानेर से खाजूवाला बॉर्डर तक 130 किलोमीटर की बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सवा सौ से ज्यादा बाइकर्स शामिल हुए। यह रैली खाजूवाला में आम लोगों के बीच पहुंचकर देशभक्ति का संदेश देगी। वहीं बॉर्डर पर फेंसिंग के पास पेट्रोलिंग भी करेगी। स्वतंत्रता दिवस पर खाजूवाला में पहली बार बीएसएफ ग्राउंड में 100 फीट के तिरंगे का ध्वजारोहण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल का हर जवान व अधिकारी देश के लिए कुछ भी कर गुजरने के लिए हमेशा तत्पर है।

- बीकानेर से खाजूवाला बॉर्डर तक रैली निकाली

बीकानेर में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बीएसएफ जवानों ने बाइक रैली निकाली।